Roll No. | | | | | |

# INDIAN SCHOOL SALALAH

## FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2025

## (HINDI - Code 085)

**Class: X**
**Time: 3 Hrs.** (कुल प्रश्न - 16 कुल पृष्ठ - 7) **Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश:-**

- **इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं।**
- **प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर केवल आवश्यक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

---

### खंड - क (अपठित बोध)

**01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **1+1+1+2+2**

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता-पिता या घर के बड़े लोग नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है। उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता। फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब भी रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था। लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्ट-फोन की दूरी हटा दी। उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नज़र रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं? ऐसी रिपोर्ट भी आई हैं अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। गलत वेबसाइटों पर जाकर तथा उसे देखकर कई बच्चे ऐसे-ऐसे अपराध करने लगे हैं जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था। समय आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए। यदि समय के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इन्हें नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन भी आवश्यक है।

**क) गद्यांश में कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल को अधिक हानिप्रद क्यों माना गया है?**

i) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण आँखों पर बुरा असर पड़ता है।
ii) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण इसका रेडियेशन भी अधिक होता है।
iii) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता।
iv) छोटा होने के कारण इसके गुम हो जाने पर इसे खोजना मुश्किल होता है।

**ख) टैब और मोबाइल पर रोक लगाने में सबसे बड़ी बाधा क्या है?**

i) माता-पिता तथा अभिभावकों का शिक्षित न होना।
ii) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना।

iii) रोक लगाने के उपायों की जानकारी न होना।

iv) बच्चों का टैब और मोबाइल का आदी होना

**ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

कथन (A) - गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर एक जागरूकता अभियान आवश्यक है।

कारण (R) - गैजेट्स वर्तमान में शिक्षा-व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है।

i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

iii) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है

iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

**वर्णनात्मक प्रश्न-**

**घ)** आज बच्चों को मोबाइल, टैब आदि की स्क्रीन से दूर रखना क्यों कठिन है?

**ङ)** बच्चों के हाथों में मोबाइल, टैब आदि आ जाने के क्या दुष्परिणाम आ रहे हैं?

**02. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1+1+1+2+2**

उस छोटी लड़की का जीवन निराशा से भरा हुआ था। माता-पिता भी लाचार थे। वे चाहकर भी अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पाते थे। बचपन से ही वह चलने-फिरने में अक्षम थी। एक शाम वह लड़की अपने घर के पास ही पार्क में चुपचाप बैठी थी तब उसकी नज़र पत्थर की उस मूर्ति पर पड़ी, जिसमें एक युवती दौड़ने की मुद्रा में खड़ी थी, वह मूर्ति इतनी जीवंत थी, गोया अभी दौड़ पड़ेगी। लड़की मूर्ति को देखकर सोचने लगी, क्या ऐसा नहीं हो सकता कि मैं भी उस मूर्ति की मुद्रा में दौड़ पाऊँ? मुझे कोशिश तो करनी चाहिए।

अगली सुबह वह उस प्रतिमा के पास देर तक उसी मुद्रा में टिकने की कोशिश करती, बार-बार गिरती, किंतु हरेक विफलता के साथ उसका हौसला दोगुना हो जाता और एक दिन वह अपने पैरों पर सीधी खड़ी हो गई।

उस लड़की की अथक कोशिश में मानव-जीवन के लिए एक गहरा संदेश छिपा है- हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है। सोच सकारात्मक हो, उसके प्रति दृढ़ रहा जाए, तो हम दुनिया की हर तस्वीर को बदल सकते हैं। स्वामी विवेकानंद कहा करते थे, हम सभी वही होते हैं, जो हमारे विचार हमें बनाते हैं। इसलिए आप जो सोचते हैं उसके बारे में ध्यान रखना चाहिए।

**क) छोटी लड़की का जीवन निराशापूर्ण क्यों था?**

i) माता-पिता के बेबसी के कारण
ii) चलने-फिरने की अक्षमता के कारण
iii) पैरों का इलाज ठीक से न होने के कारण
iv) घर में आर्थिक अभावों के कारण

**ख) छोटी लड़की के चलने का श्रेय किसे जाता है-**

i) छोटी लड़की के अथक प्रयासों को
ii) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच की
iii) पार्क में दौड़ने की मुद्रा में लगी मूर्ति को
iv) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच व कोशिश को

**ग) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

i) हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है।

ii) अपने विचारों के साथ दूसरों की सोच पर भी ध्यान दीजिए।

iii) हम जो सोचते हैं उसके बारे में ध्यान रखना चाहिए।

iv) असफलता के बाद जीवन में आराम की जरूरत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा विकल्प सही है?**

क) i) और iii)

ख) केवल i)

ग) केवल ii)

घ) i), ii), और iii)

**वर्णनात्मक प्रश्न-**

**घ)** लड़की को खड़े होने की प्रेरणा कैसे मिली?

**ङ)** उपर्युक्त गद्यांश से विवेकानंद का क्या अभिप्राय है?

## खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**03. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिएः-4X1=4**

क) घोंसले में रहने वाली चिड़िया उड़ गई। (भेद लिखिए)

ख) बच्चे शोर मचाते हुए आगे बढ़ रहे थे। (भेद लिखिए)

ग) आसमान में उड़ता गुब्बारा फट गया। (संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए)

घ) चोट खाए हुए तुम भला क्या खेलोगे? (भेद लिखिए)

ङ) किसी वाक्य में विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जा सकती है?

**04. निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिएः- 4X1=4**

क) धनी व्यक्ति हर चीज़ खरीद सकता है। ((**मिश्र वाक्य में बदलिए)**

ख) वह घायल था फिर भी खेलता रहा। **(सरल वाक्य में बदलिए)**

ग) हमारे सैनिक इतने वीर हैं कि मृत्यु के सामने भी नहीं घबराते। **(वाक्य का भेद लिखिए)**

घ) हम धनवान सुखी नहीं है। (**संयुक्त वाक्य में बदलिए)**

ङ) मैं बस चलने के स्थान पर ही खड़ा रहा। **(वाक्य का भेद लिखिए)**

**05. i) किन्हीं दो समस्त पदों का विग्रह करके भेद लिखिएः- 2X1=2**

क) देशप्रेम **ख)** त्रिलोचन ग) चवन्नी

**ii) समस्त पद बनाकर भेद लिखिएः- 2X1=2**

क) देश और विदेश ख) देह रूपी लता

**06. i) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:- 2X1=2**

क) आँख फोड़ना ख) प्राण निकलना ग) पैसे-पैसे को मोहताज होना

**ii) सही मुहावरों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए:- 2X1=2**

क) पुलिस के आते ही चोर ............................।

ख) नौकर द्वारा गिलास टूटने पर मालिक ............................।

## <u>खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)</u>

**07. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए:- 5X1=5**

मेरा जी पढ़ने में बिल्कुल न लगता था। एक घंटा भी किताब लेकर बैठना पहाड़ था। मौका पाते ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता और कभी कंकरियाँ उछालता, कभी कागज़ की तितलियाँ उड़ाता और कहीं कोई साथी मिल गया, तो पूछना ही क्या। कभी चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूद रहे हैं। कभी फाटक पर सवार, उसे आगे-पीछे चलाते हुए मोटरकार का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन कमरे में आते ही भाई साहब का वह रुद्र-रूप देखकर प्राण सूख जाते। उनका पहला सवाल यह होता- 'कहाँ थे'**?**

**क) भाई साहब का "रुद्र-रूप" देखने पर लेखक के मन की स्थिति कैसी हो जाती थी?**

i) उत्साहित ii) निर्भीक

iii) भयभीत iv) प्रसन्न

**ख) भाई साहब के पहले प्रश्न 'कहाँ थे' से क्या प्रकट होता है?**

**i**) उनकी दुश्चिंता ii) उनका कठोर अनुशासन

iii) उनकी उदासी iv) उनका खेल-प्रेम

**ग) इस गद्यांश में छोटे भाई की कौन-सी विशेषता स्पष्ट होती है?**

i) मेहनती ii) नटखट और चंचल

iii) गम्भीर iv) जिम्मेदार

**घ) इस गद्यांश के आधार पर छोटे भाई और बड़े भाई के स्वभाव में क्या अंतर है?**

i) छोटा भाई चंचल है और बड़ा भाई अनुशासित ii) दोनों ही आलसी हैं

iii) दोनों ही पढ़ाई से दूर हैं iv) छोटा भाई गंभीर और बड़ा भाई नटखट

**ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A)-** लेखक को किताब लेकर बैठना कठिन लगता था?

**कारण (R)-** क्योंकि उसे भाई साहब से डर लगता था।

i) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।

ii) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है

iii) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है

iv) कथन (A) गलत है और कारण (R) गलत है

**08. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उतर 25-30 शब्दों में लिखिएः- 3X2=6**

क) छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई?

ख) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?

ग) निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारें में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

घ) लेखक ने ऐसा क्यों लिखा है कि 'तीसरी कसम' ने साहित्य-रचना के साथ शत-प्रतिशत न्याय किया है?

**09. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-5X1=5**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी,
मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी।
हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
वही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

**क) 'मर्त्य' का तात्पर्य है-**

i) मिट्टी का बना हुआ ii) नश्वर

iii) अमर iv) यशस्वी

**ख) 'याद जो करें सभी'- सभी किसलिए याद करें?**

i) कुकर्म के लिए ii) सत्कर्म के लिए

iii) दान-दक्षिणा के लिए iv) देश हित बलिदान के लिए

**ग) कौन अमर रहता है?**

i) जो अपने लिए जीता है ii) जो स्वार्थ तज देता है

iii) जो मनुष्य का कल्याण करता है iv) जो दूसरों के लिए नहीं जीता

**घ) कवि क्या प्रेरणा देना चाहता है?**

i) पशु मत बनो ii) अपने काम से मतलब रखो

iii) अपना काम अच्छी तरह करो iv) मनुष्यता के लिए जियो

**ङ) कथन (A) - मृत्यु ऐसी होनी चाहिए कि सभी याद करें।**

**कारण (R) - अच्छी या बुरी मृत्यु का कोई महत्त्व नहीं।**

i) कथन (A) सही है और कारण (R) भी सही है।

ii) कथन (A) गलत है और कारण (R) भी गलत है।

iii) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है

iv) कथन (A) सही है किंतु उसकी व्याख्या गलत है।

**10. पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उतर 25-30 शब्दों में लिखिएः-** **3X2=6**

क) कबीर के अनुसार संसार में सुखी कौन है और दुखी कौन है?

ख) मीराबाई भगवान की चाकरी क्यों करना चाहती है? स्पष्ट कीजिए।

ग) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए?

घ) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

**11. संचयन (भाग-2) के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिएः-** **2x3=6**

क) हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती? **हरिहर काका पाठ के आधार पर** अपने शब्दों में लिखिए।

ख) पीटी साहब की शाबाश फ़ौज के तमगो-सी क्यों लगती थी? **सपनों के से दिन पाठ के आधार पर लिखिए।**

ग) टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों की? **टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर लिखिए।**

## खंड - घ (रचनात्मक लेखन)

**12. संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-** **1X5=5**

**क. धरती का बढ़ता तापमान**

- तापमान बढ़ोत्तरी का कारण
- बढ़ोत्तरी से उत्पन्न समस्याएँ
- बढ़ते तापमान का समाधान

**ख. आज़ादी के 78 साल में भारत का विकास**

- औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्र में प्रगति (इसरो, डिजिटल इंडिया)
- स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण
- विश्व स्तर पर भारत की उभरती छवि (जी-20, अंतरिक्ष उपलब्धियाँ)

**ग. स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत**

- स्वच्छता का अर्थ
- स्वच्छता की आवश्यकता
- हमारा कर्तव्य

**13.** दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण परीक्षा देने में अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **1X5=5**

**अथवा**

आपके क्षेत्र में डेंगू के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। इससे बचाव के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए।

**14**. आप विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं। बाल दिवस समारोह के अवसर पर विद्यालय में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का विवरण देते हुए सूचना तैयार कीजिए। **1X**4=4

**अथवा**

आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'नेत्र-चिकित्सा शिविर' लगाया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क नेत्र- परीक्षण किया जाएगा। स्थानीय जनता को विवरण देते हुए सूचना तैयार कीजिए।

**15**. आपके शहर में जूतों का एक शोरूम खुला है। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **1X3=3**

**अथवा**

के.सी. उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद 'सतरंगी छाता' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16**. आपने बैंक ऑफ़ बड़ौदा में खाता खुलवाया है, लेकिन आपको अभी तक चैक बुक नहीं मिली। इसके लिए शिकायत करते हुए बैंक प्रबंधक को चैक बुक भिजवाने के लिए एक ई-मेल लिखिए। **1X5=5**

**अथवा**

**'माँ ही भगवान है'** शीर्षक पर लघु कथा 100 शब्दों में लिखिए।

-----------